प्रेस नोट दिनांक 11.02.2025
थाना सीबीगंज जनपद बरेली।

थाना सीबीगंज बरेली पुलिस टीम द्वारा "आपरेशन खोज" के अन्तर्गत चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाने वाले अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय द्वारा चलाये जा रहे "**आपरेशन खोज**" अभियान के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक सीबीगंज के नेतृत्व में थाना सीबीगंज पुलिस टीम एवं पीआरवी 0228 द्वारा मठिया चौराहे बाकरगंज की तरफ सहसिया को जाने वाले रास्ते पर चैकिंग के दौरान अभियुक्त फरदीन पुत्र इकरार निवासी ईदगाह गेट बाकरगंज मजार वाली गली थाना किला जिला बरेली को एक मोटर साईकिल स्पेलेन्डर प्लस (कूटरचित नं0 UP 25 VU 5184) रंग ग्रे ब्लैक सहित कूटरचित नंबर प्लेट लगाकर पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। बरामद मोटर साइकिल के वास्तविक रजि0न0 UP 25 CA 8642 के संबंध में ई चालान एप के माध्यम से जानकारी की गयी तो थाना कोतवाली जनपद बरेली में पंजीकृत मु0अ0सं0 70/25 धारा 303(3) बीएनएस से संबंधित होना पाया गया। अभियुक्त फरदीन उपरोक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि यह मोटरसाईकिल उसने रेलवे स्टेशन के पास से चोरी की थी, जिसका नम्बर बदलकर धोखा देने के उद्देश्य से चला रहा था। बरामदगी के आधार पर थाना सीबीगंज पर मु0अ0सं0 71/25 धारा 318(4)/336 (3)/338/340(2) BNS बनाम फरदीन उपरोक्त के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण/अपराधिक इतिहास-

1. **फरदीन पुत्र इकरार निवासी ईदगाह गेट वाकरगंज मजार वाली गली थाना किला जिला बरेली**
    1. मु0अ0सं0 70/25 धारा 303(3) बीएनएस थाना कोतवाली बरेली।
    2. . मु0अ0सं0 71/25 धारा 318(4)/336 (3)/338/340(2)/317(4) बीएनएस थाना सीबीगंज बरेली।

बरामदगी-

1. मोटर साईकिल स्पलेन्डर प्लस (कूटरचित रजि0 नम्बर UP 25 वीयू 5184) रंग ग्रे ब्लैक
   (**वास्तविक रजि0न0 UP 25 CA 8642**)

पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम थाना सीबीगंज जनपद बरेली
2. उ0नि0 श्री धर्मवीर सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली
3. का0 678 मान सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली
4. का0 608 इमरान खान थाना सीबीगंज जनपद बरेली
5. हे0का0 866 सुधीर कुमार पीआरवी 0228 जनपद बरेली
6. का0 3719 संजीत कुमार पीआरवी 0228 जनपद बरेली
7. हो0गा0 975 विनय कुमार चालक पीआरवी 0228 जनपद बरेली